卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 180 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦7 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

## कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों की जरूरत: राज्यपाल

### पंतनगर विवि के 37वें दीक्षांत समारोह में 1395 विद्यार्थियों को मिलीं उपाधियां



पंतनगर (उद संवाददाता)। देश के पहले कृषि विश्वविद्यालय, गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 37वां दीक्षांत समारोह मंगलवार को विश्वविद्यालय के गांधी हॉल में अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी और क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट भी मंचासीन रहे। दीक्षांत समारोह के दौरान कुल 1395 मेधावी विद्यार्थियों को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की गई। राज्यपाल ने विभिन्न संकायों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से अलंकृत किया। इस अवसर पर एक छात्र को प्रतिष्ठित कुलाधिपति स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जबकि कुलपति के 13 स्वर्ण, 12 रजत और 10 कांस्य पदक विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट छात्र -छात्राओं को भेंट किए गए। दीक्षांत भाषण देते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने उपाधि प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि पंतनगर विश्वविद्यालय ने देश की हरित क्रांति में जो भूमिका निभाई है, वह अविस्मरणीय है। राज्यपाल ने विश्व विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## आतंक का पर्याय बनी बाघिन पिंजरे में कैद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रानीबाग क्षेत्र के सूर्याजाला गांव में पिछले कुछ दिनों से दहशत का सबब बनी आदमखोर बाघिन को आखिरकार वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया है। सोमवार देर रात चले एक विशेष ऑपरेशन के दौरान विशेषज्ञों और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बाघिन को सफलता पूर्वक ट्रेंकुलाइज किया, जिसके बाद उसे सुरक्षित रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया गया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों ने पिछले पांच दिनों से बने डर के माहौल से बड़ी राहत महसूस की है। उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार की सुबह सूर्याजाला गांव निवासी हंसी देवी पत्नी लाल सिंह जंगल में घास लेने गई थीं, तभी घात लगाकर बैठे बाघ ने उन पर जानलेवा हमला (शेष पृष्ठ सात पर)



## कुत्ते को घुमा रहे व्यक्ति की वाहन की चपेट में आने से मौत

### परिवार का इकलौता कमाने वाला था मृतक, घर में कोहराम

देहरादून। राजधानी देहरादून में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला नेहरू कॉलोनी थाना क्षेत्र के मोहकमपुर आईआईपी के पास का है, जहां मंगलवार सुबह एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हृदयविदारक हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार, मूल रूप से उत्तरकाशी जनपद के कुथनौर गांव निवासी अनोद नौटियाल (38) वर्तमान में नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में रह रहे थे। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे वे रोज की तरह अपने पालतू कुत्ते को घुमाने निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक कुत्ता हाईवे की ओर तेजी से भागने लगा, जिसे पकड़ने के लिए अनोद भी उसके पीछे दौड़ पड़े। इसी दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बेकाबू बोलेरो कैंपर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनोद की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद उसने स्वयं नेहरू कॉलोनी थाने पहुंचकर पुलिस के समक्ष सरेंडर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और वाहन को सीज कर दिया गया है। अनोद नौटियाल के आकस्मिक निधन से उनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया जा रहा है कि अनोद अपने परिवार में इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। वे अपने पीछे पत्नी, तीन बच्चे, वृद्ध माता-पिता, एक बहन और दो छोटे भाइयों का भरा-पूरा परिवार बिलखता छोड़ गए हैं। घर के मुख्य स्तंभ की मौत के बाद पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है।

## दो दुकानों में भड़की आग,लाखों का सामान राख

### दमकल विभाग की तीन गाड़ियों ने बमुश्किल पाया काबू



देहरादून। देहरादून जनपद के विकासनगर स्थित मंडी चौक पर मंगलवार सुबह दो हार्डवेयर की दुकानों में अचानक भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में दुकानों के भीतर रखा लाखों रुपये का कीमती सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे आसपास की अन्य दुकानें और रिहायशी इलाका इसकी चपेट में आने से बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंडी चौक के समीप नितिन धीमान की दो हार्डवेयर की दुकानें सटी हुई हैं। मंगलवार सुबह नितिन दुकान खोलकर अपने बच्चों को स्कूल छोड़ने गए थे। जब वे वापस लौटे तो उन्होंने दुकान के भीतर से घना धुआं निकलते देखा। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते या स्थानीय लोग मदद के लिए (शेष पृष्ठ 7 पर)

## विधानसभा चुनाव में 'भूतों' पर ही निर्भर रहेगा कांग्रेस का 'भविष्य'

### विधानसभा चुनाव के पहले माहौल बंदी का नया कांग्रेसी पैंतरा, बारह और नेताओं की कांग्रेस प्रवेश का ब्लूप्रिंट तैयार

-अर्श-

देहरादून। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर माहौल बंदी की कोशिश में जुटी कांग्रेस की रणनीति को देखकर कभी-कभी ऐसा लगने लगता है, जैसे सत्ताइस के समर में कांग्रेस पार्टी के भविष्य की दशा दिशा भूत, अर्थात भूतपूर्व विधायक ,भूतपूर्व मेयर, भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष आदि ही तय करेंगे। वह इसलिए, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने उत्तराखंड में अपना राजनीतिक माहौल बनाने के लिए अभी कुछ दिन पहले ही कुछ भूतपूर्व विधायकों, भूतपूर्व मेयर सहित भूतपूर्व नगर पालिका अध्यक्ष को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया था और अब उत्तराखंड के कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोंदियाल का दावा है कि उत्तराखंड के बारह और वजनदार नेता शीघ्र ही कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने जा रहे हैं। हालांकि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का दावा तो यह भी है कि भाजपा के कुछ वर्तमान विधायक भी पाला बदलकर कांग्रेस में आना चाहते हैं, पर वह दल बदल कानून और बचे हुए कार्यकाल के कारण फिलहाल भाजपा में ही बने हुए हैं, मगर राजनीतिक हल्के में उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष के इस दावे को केवल राजनीतिक शिगूफा ही माना जा रहा है और यह अनुमान लगाया जा रहा है कि कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं की अगली खेप में पूर्व की भांति ही भूतों की भरमार रह सकती है। याद दिलाना होगा कि अभी 28 मार्च को ही कांग्रेस ने दलबदल के पहले चरण में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व विधायक नारायण पाल, घनसाली विधानसभा से पूर्व विधायक भीमलाल आर्य, रुड़की के पूर्व मेयर गौरव गोयल समेत मसूरी के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता, लाखन सिंह नेगी को पार्टी की सदस्यता दिलाई थी। इसमें दो राय नहीं के कांग्रेस में शामिल हुए उपरोक्त नेताओं में से अधिकांश का संबंध कभी ना कभी भाजपा से रहा है और इनमें से अधिकांश को भाजपा ने ही पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया हुआ था। इसघटनाक्रम को कांग्रेस के लिए एक मनोवैज्ञानिक बढ़त के तौर पर भी देखा गया। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में आयोजित इस ज्वॉइनिंग कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना और यह संदेश देने की कोशिश की गई कि पार्टी चुनाव से पहले अपनी स्थिति मजबूत कर रही है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम के बीच एक समय ऐसा भी आया,जब पार्टी की अंदरूनी राजनीति चर्चा का विषय बन गई तथा वयोवृद्ध (शेष पृष्ठ 7 पर)






### रस्म पगड़ी

बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माता जी **श्रीमती सुदेश बत्रा जी** (पत्नी स्व० श्री कृष्ण चन्द्र बत्रा जी) का स्वर्गवास दिनाँक 28 मार्च 2026 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शान्ति के लिए **भोग एवं रस्म पगड़ी दिनांक 8 अप्रैल दिन बुधवार** को दोपहर 2 से 3 बजे तक **स्थान श्री अनंत प्रेम आश्रम, आदर्श कॉलोनी, रूद्रपुर** में सम्पन्न होगी।

**शोकाकुल परिवार**

श्री केवल बत्रा-स्व०श्रीमती बीना बत्रा (देवर-देवरानी)
संदीप बत्रा-मोनिया बत्रा (पुत्र-पुत्रवधु) ,रजत बत्रा-मानसी बत्रा (पुत्र-पुत्रवधु)
राजेश अरोरा-नेहा अरोरा (दामाद-पुत्री)
आलोक बत्रा, नमन बत्रा, केशव बत्रा (पौत्र,पौत्री)
अभिषेक अरोरा,शताक्षी अरोरा(दोता,दोती) एवं समस्त बत्रा परिवार।

फर्म :- नमन इण्टरप्राईजेज,आर.डी.आर.एसोसिएट्स
रूद्रपुर, मो0-7895585169

**नोट : कृपया इसी को व्यक्तिगत बुलावे की मान्यता प्रदान करें।**


## मार्ग चौड़ीकरण में हाईटेक शौचालय किया ध्वस्त




रूद्रपुर। इंदिरा चौक से डीडी चौक तक एनएच विभाग द्वारा किये जा रहे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में अवरोधक बन रहे हल्द्वानी मार्ग पर सब्जी मंडी के समक्ष नगर निगम द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय को आज राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में कर्मचारियों ने जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया। गौरतलब हो कि यहां पर वर्षों पूर्व शौचालय बनाया गया था। जिसकी जीर्ण क्षीर्ण हालत को देखते हुए निवर्तमान मेयर रामपाल के कार्यकाल में इस शौचालय को तोड़कर उसे लाखों रूपयों की लागत लगाकर हाईटेक शौचालय का रूप देकर नगर की जनता को समर्पित किया गया था। इसके बाद वर्तमान विधायक शिव अरोरा एवं महापौर विकास शर्मा के प्रयासों से मुख्यमंत्री द्वारा इंदिरा चौक से अटरिया मोड़ तक के मार्ग को 6 लाईन बनाने के लिए केन्द्र सरकार से स्वीकृति दिलवाई। अब जबकि मार्ग चौड़ीकरण के प्रथम चरण का कार्य इंदिरा चौक से डीडी चौक तक प्रारम्भ हो चुका है। जिसके तहत रोड़वेज स्टेशन से अतिक्रमण को मुक्त करा लिया गया है। वहीं दूसरी ओर आज सब्जी मंडी के समक्ष बने हाईटेक शौचालय को भी जेसीबी मशीन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। अब लोगों में इस बात की चर्चा है कि क्या नगर निगम का गेट सहित डाकघर व दूरसंचार निगम से भी निर्धारित मार्ग चौड़ीकरण के बाधक को ध्वस्त किया जायेगा।

## स्मैक के साथ एक युवक दबोचा

काशीपुर। पुलिस ने तस्तकरी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.93 ग्राम स्मैक बरामद की है। कटोराताल चौकी पुलिस ने चैकिंग के दौरान ईदगाह के पास आम के बाग मे बने खंडहर से मौ. अल्लीखां निवासी सलीम पुत्र शरीफ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.93 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्मैक मौ.अल्लीखां निवासी शाहनवाज से लाने की बात बताई पुलिस ने आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर कोर्ट में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई कौशल भाकुनी, एएसआई प्रकाश बोरा, कां. गिरीश मठपाल व देवानन्द रहे।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा आठ अप्रैल को पहुंचेगी रूद्रपुर

रुद्रपुर। उत्तराखंड कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के आगामी 8 अप्रैल के जनपद दौरे को लेकर कांग्रेस



संगठन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इस कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने पत्रकारों को बताया कि बताया कि 8 अप्रैल को रुद्रपुर के भूरारानी स्थित नजारा बैंकट हॉल में दोपहर 12 बजे से महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रदेश प्रभारी के साथ साथ प्रदेश नेतृत्व के तमाम बड़े नेता भी शिरकत करेंगे।जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि प्रदेश प्रभारी का यह दौरा कार्यकर्ताओं के लिए संजीवनी साबित होगा। उन्होंने कहा कि कुमारी शैलजा का यह प्रवास जिले के प्रत्येक कांग्रेसी कार्यकर्ता में नई ऊर्जा का संचार करेगा और उन्हें चुनावी मैदान में उतरने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और प्रदेश के दोनों सह-प्रभारियों सहित जनपद के समस्त विधायक भी मौजूद रहेंगे। गावा ने कहा कि कांग्रेस आगामी चुनावों को पूरे दमखम और एकजुटता के साथ लड़ने जा रही है और इसके लिए संगठन को धरातल पर अभेद्य बनाने की दिशा में काम शुरू हो चुका है।जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं की इस महत्वपूर्ण बैठक में केवल भाषणबाजी नहीं होगी, बल्कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं से भी सीधी राय ली जाएगी। आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर इस दौरान व्यापक मंथन किया जाएगा ताकि प्रत्येक बूथ पर कांग्रेस की पकड़ मजबूत हो सके। उन्होंने बताया कि इस बैठक में जिला, महानगर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारियों सहित महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस और अन्य सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इसके अलावा जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत सदस्यों, ग्राम प्रधानों और पूर्व में चुनाव लड़ चुके जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है ताकि सभी के अनुभवों का लाभ चुनावी रणनीति बनाने में लिया जा सके।हिमांशु गावा ने आहवान किया कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का एकजुट होना अनिवार्य है। उन्होंने उम्मीद जताई कि 8 अप्रैल की यह बैठक जनपद में कांग्रेस के विजय अभियान की नींव रखने का काम करेगी। पूरे जिले से कार्यकर्ताओं का भारी हुजूम इस कार्यक्रम में शामिल होगा, जिसके लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं।

# टिहरी के मदननेगी में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल के मदननेगी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को मंजूरी प्रदान किए जाने पर केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा मदननेगी में नए केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति मिलने के बाद अब यहां सिविल सेक्टर के अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 से ही पठन पाठन कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय से क्षेत्र के शैक्षिक परिदृश्य में बड़े बदलाव की उम्मीद जागी है।मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मदननेगी और आसपास के दुर्गम क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालय खुलने से नौनिहालों को उच्च स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इससे न केवल स्थानीय स्तर पर शैक्षिक ढांचे को मजबूती मिलेगी बल्कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए पूरी तरह संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार शिक्षा के क्षेत्र में इस तरह के प्रयास युवाओं को प्रगति के नए अवसर प्रदान करेंगे।योजना के अनुसार नए केंद्रीय विद्यालय का संचालन प्रारंभिक चरण में कक्षा 1 से 5 तक किया जाएगा। इसमें प्रत्येक कक्षा के लिए एक सेक्शन निर्धारित होगा जिसे भविष्य में आवश्यकता और स्वीकृति के आधार पर क्रमिक रूप से विस्तारित किया जाता रहेगा।

# धूमधाम से मनाया वैष्णो माता मंदिर का दशम स्थापना दिवस

रूद्रपुर। छत्तरपुर स्थित डिवाइन पार्क के वैष्णो देवी माता मंदिर का दसवां स्थापना दिवस श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया था और सुबह से ही माता के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। इस मांगलिक अवसर पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य



लाभ कमाया। स्थापना दिवस समारोह में पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने मंदिर में शीश नवाकर क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। समारोह में गौरव गिरी, बीडी उपाध्याय, राजकुमार, अवधेश यादव, मोहन सिंह, हरी राम, हेमंत गुसाई, माधुरी अधिकारी, पूनम नेगी, अनीता शर्मा, अशोक कुमार, मुन्ना लाल पंवार, मनमोहन सुंदरियाल, विनोद जोशी, रमेश चन्द्र काला, कैलाश अधिकारी, हेमंत किरौला, दिनेश जोशी, राजेन्द्र भंडारी, राजेन्द्र डालाकोटी, सुनील शर्मा, मनोज मेहता आदि भक्त उपस्थित रहे।

# मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए सांसद अजय भट्ट ने दिए कड़े निर्देश

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वन्यजीवों द्वारा मानव को नुकसान पहुँचाने और मौतों की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु सांसद अजय भट्ट की अध्यक्षता में सर्किट हाउस काठगोदाम में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद ने वन्यजीवों के हमलों को रोकने के लिए वन विभाग और जिला प्रशासन को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानव और वन्यजीव संघर्ष को कम करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।सांसद अजय भट्ट ने वन महकमे के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनजागरूकता अभियान को ग्राम पंचायत स्तर तक ले जाया जाए ताकि ग्रामीण सतर्क और जागरूक रहें। उन्होंने सुझाव दिया कि जो क्षेत्र वन्यजीवों की दृष्टि से संवेदनशील हैं, वहां के निवासियों के लिए पशुओं के चारे और जलौनी लकड़ी का प्रबंध स्थानीय स्तर पर किया जाए ताकि उन्हें जंगल के भीतर न जाना पड़े। इसके साथ ही उन्होंने पर्वतीय क्षेत्रों में सड़कों के आसपास और रिहायशी



इलाकों में नियमित झाड़ी कटान सुनिश्चित करने को कहा। सांसद ने वन विभाग के माध्यम से सुरक्षा गार्डों की तैनाती करने की बात कही ताकि जंगल जाने वाले समूहों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। संवेदनशील क्षेत्रों में वन्यजीवों की हलचल होने पर तत्काल पिंजरे और कैमरे लगाने के भी निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं तेजस्वनी पाटिल ने बताया कि विभाग वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि नैनीताल जनपद में वर्ष 2025 में वन्यजीवों और सांपों के हमले के कारण 27 लोगों ने अपनी जान गंवाई, जिनके आश्रितों को विभाग द्वारा सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि वन आच्छादित गांवों में लोगों को चारा और लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही है तथा कार्यशालाओं के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बैठक में अवगत कराया कि प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाइट और सोलर फेंसिंग लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में सहायता राशि शीघ्र प्रदान की जा रही है। बैठक में विधायक लालकुआं डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख भीमताल हरीश बिष्ट, वन संरक्षक नीतीश मणी त्रिपाठी और अपर जिलाधिकारी विवेक राय सहित कई जन प्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने वन्यजीवों के बढ़ते खतरों को रोकने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

# पीसीपीएनडीटी टीम ने आठ अल्ट्रासाउंड केंद्रों में मारे छापे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल के निर्देशों के अनुपालन में आज रुद्रपुर ब्लॉक में पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गठित विशेष निरीक्षण टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम ने क्षेत्र के 08 प्रमुख अल्ट्रासाउंड और डायग्नोस्टिक केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। प्रशासनिक और चिकित्सा विशेषज्ञों की इस संयुक्त टीम का नेतृत्व प्रभारी नायब तहसीलदार राधे श्याम राणा ने किया। निरीक्षण दल में राजस्व विभाग से लेखपाल विक्रम सिंह, वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता त्रिपाठी, पीसीपीएनडीटी जिला समन्वयक प्रदीप महर और अधिशासी सहायक गोपाल आर्य सहित अन्य विभागीय कर्मचारी मुख्य रूप से शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम ने रिदम इकोकार्डियो सेंटर, थिंड पशु चिकित्सालय की विशिष्ट जांच इकाई, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, जीवनदीप हॉस्पिटल, सुरभि हॉस्पिटल,



सुरभि आईवीएफ सेंटर, वाहेगुरु अल्ट्रासाउंड केंद्र और रूद्र अल्ट्रासाउंड सेंटर के अभिलेखों एवं कार्यप्रणाली की बारीकी से पड़ताल की। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाना और पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रावधानों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करना है। जांच के दौरान टीम ने विशेष रूप से मरीजों के अनिवार्य फॉर्म एफ की प्रविष्टियों के रख रखाव, केंद्रों में उपलब्ध लॉग बुक और डिजिटल रिकॉर्ड के मिलान तथा केंद्रों पर एक्ट से संबंधित अनिवार्य बोर्ड एवं चेतावनी संदेशों की उपलब्धता की सघन जांच की। निरीक्षण टीम ने संचालकों को स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी केंद्र पर अवैध रूप से भ्रूण के लिंग का निर्धारण पाए जाने पर संबंधित संस्थान का पंजीकरण तत्काल निरस्त कर कड़ी कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नम्रता त्रिपाठी ने केंद्र संचालकों को तकनीकी खामियों को तुरंत सुधारने और पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करने के कड़े निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने बताया कि जनपद में लिंगानुपात में सुधार लाने और अवैध गतिविधियों पर पूर्ण विराम लगाने के उद्देश्य से इस प्रकार के औचक निरीक्षण भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियम विरुद्ध कार्य करने वाले किसी भी संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा।

# बच्चों के विवाद ने पकड़ा तूल, केस दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली अंतर्गत रम्पुरा चौकी क्षेत्र की खेड़ा कॉलोनी में बच्चों के विवाद को लेकर दो पड़ोसियों के बीच जमकर मारपीट और हंगामा हुआ। इस मामले में अब दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर दी गई है, जिस पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से प्रियंका पत्नी सुभाष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते नवंबर माह में बच्चों के विवाद को लेकर पड़ोसी राहुल और उसकी पत्नी काजल ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। आरोप है कि जब प्रियंका के पति और भाई बीच-बचाव करने आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। प्रियंका का आरोप है कि आरोपी पक्ष के लोग उन्हें रास्ते में रोककर छेड़छाड़ और अभद्रता करते हैं। पति के ड्राइवर होने के कारण अक्सर बाहर रहने का हवाला देते हुए उन्होंने अपने और अपने छोटे बेटे की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से काजल पत्नी राहुल ने भी पुलिस को तहरीर सौंपकर गंभीर आरोप लगाए हैं। काजल का कहना है कि उनके जेठ सचिन, सुभाष और जेठानी प्रियंका ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। आरोप है कि जब उनके पति राहुल ने विरोध किया, तो उक्त लोगों ने आशीष और मोंटी के साथ मिलकर राहुल को डंडों से बुरी तरह पीटा। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि सुभाष के पास देशी कट्टा और अन्य के पास डंडे व कड़े थे, जिनसे उन्होंने हमला किया और उनके तीन वर्षीय पुत्र को जान से मारने की धमकी दी। मोहल्ले वालों के बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उनके साथ भी बदतमीजी की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मामला दर्ज कर लिया है। रम्पुरा चौकी पुलिस का कहना है कि यह पुराना विवाद है जिसमें अब दोनों ओर से आरोप लगाए गए हैं।

# नैनीताल के दूरस्थ क्षेत्रों में 4जी कनेक्टिविटी होगी मजबूत

नैनीताल (उद संवाददाता)। जनपद में संचार सुविधाओं और मोबाइल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के अनुपालन में जिला टेलीकॉम कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) शैलेंद्र नेगी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संचार कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि जिले के सभी दूरस्थ क्षेत्रों और शैडो या डार्क एरिया में मोबाइल कनेक्टिविटी को हर हाल में सुचारू रखा जाए ताकि आम जनमानस को संचार संबंधी दिक्कतों का सामना न करना पड़े।अपर जिलाधिकारी ने संचार कंपनियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था बाधित होने की स्थिति में भी सभी मोबाइल टावरों को 24 घंटे संचालित रखा जाए। इसके लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बैकअप ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए टावरों को सोलर प्रणाली से संचालित करने की दिशा में भी कार्य किया जाए। बैठक में मंडलीय अभियंता दूरसंचार ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रथम चरण में स्वीकृत सभी 48 स्थानों पर 4जी टावर लगाए जा चुके हैं, जो सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं। द्वितीय चरण के अंतर्गत 10 नए 4जी टावर लगाए जाने हैं, जिनमें से 5 टावरों



के लिए भूमि उपलब्ध हो गई है, जबकि बेलवाखान, जिरौली, रेकुना, बारगल और प्यूडा जैसे 5 शेष स्थानों पर भूमि चयन की प्रक्रिया वर्तमान में गतिमान है।अपर जिलाधिकारी ने इस संबंध में संबंधित क्षेत्रों के उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे बीएसएनएल अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय बनाकर शीघ्र ही प्रस्तावित भूमिका संयुक्त निरीक्षण करें और आवश्यक अभिलेख दूरसंचार विभाग को उपलब्ध कराएं। बैठक में भारत नेट परियोजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद के 477 गांवों को संचार सुविधा से जोड़ने का लक्ष्य है, जिसमें से अब तक 288 गांव कवर किए जा चुके हैं और शेष पर कार्य युद्धस्तर पर जारी है। सड़क निर्माण के दौरान ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) बिछाने के कार्यों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए लोक निर्माण विभाग, यूयूएसडीए और जिओ कंपनी के अधिकारियों को आपसी सामंजस्य से समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में एयरटेल के प्रतिनिधियों ने भी जिले के दो स्थानों पर मोबाइल टावर लगाने हेतु भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध प्रशासन के समक्ष रखा, जिस पर उन्हें संबंधित एसडीएम के साथ संयुक्त निरीक्षण कर प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। बैठक के अंत में विभिन्न तकनीकी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। इस अवसर पर मंडलीय अभियंता दूरसंचार विकास महरा, भारत नेट से परमिंदर, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा सहित लोक निर्माण विभाग, सिंचाई, विद्युत, पीएमजीएसवाई और विभिन्न निर्माण एजेंसियों के अधिशासी अभियंता व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया भाजपा का 47वां स्थापना दिवस





हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के कुमाऊं संभाग कार्यालय में पार्टी का 47वां स्थापना दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट और जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कार्यालय प्रांगण में गौरव के साथ भाजपा का ध्वज फहराया। इसके पश्चात उपस्थित जनसमूह द्वारा दीप प्रज्वलन और वंदेमातरम के ओजस्वी गान के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं के हुजूम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आवाहन किया कि वे पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को बूथ स्तर तक अभेद्य मजबूती प्रदान करें। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनगिनत कार्यकर्ताओं के नि:स्वार्थ त्याग और अद्वितीय समर्पण का ही प्रतिफल है कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित हुई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा ने अपने मूल राजनीतिक संगठन भारतीय जनसंघ के वैचारिक अधिष्ठान और एजेंडे पर आज भी अपनी यात्रा अनवरत जारी रखी है। इसी वैचारिक स्पष्टता का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 का उन्मूलन हुआ और अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। अजय भट्ट ने आर्थिक मोर्चे पर देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और वह दिन दूर नहीं जब हम तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति होंगे। सांसद ने आगे कहा कि पार्टी के मूल विचारक पंडित दीन दयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय के सिद्धांत को सर्वोपरि मानते हुए केंद्र व राज्य की भाजपा सरकारें जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचा रही हैं। उन्होंने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम के बल पर ही पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ विजय प्राप्त करेगी और लगातार तीसरी बार राज्य में अपनी लोक- कल्याणकारी सरकार बनाएगी। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट और मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने भी अपने विचार साझा किए और संगठन की मजबूती पर बल दिया। स्थापना दिवस के इस गौरवशाली अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्य, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, पूर्व मेयर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, युवा मोर्चा प्रदेश महामंत्री दीपेन्द्र कोश्यारी, जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल, रंजन बर्गली, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा कंचन उप्रैती, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी संजय पाण्डे, जिला कार्यालय मंत्री हेमन्त बिष्ट और रत्नेश साह सहित भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया।

## फेल छात्रों की कॉपियों की दोबारा जांच की मांग

खटीमा। हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कॉलेज खटीमा में सेमेस्टर परीक्षा में फेल हुए छात्रों की कॉपियों की पुन: जांच और प्रमोशन की मांग को लेकर सोमवार को जोरदार प्रदर्शन हुआ। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित जोशी के नेतृत्व में एबीवीपी कार्यकर्ता और छात्र-छात्राएं कॉलेज की छत पर चढ़ गए, जिससे करीब तीन घंटे तक हंगामा चलता रहा। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हाल ही में जारी सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में बड़ी संख्या में छात्र अनुत्तीर्ण हुए हैं। छात्रों ने मूल्यांकन प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कॉपियों की दोबारा जांच और प्रभावित विद्यार्थियों को प्रमोट करने की मांग की।छात्रसंघ अध्यक्ष रोहित जोशी ने बताया कि दो अप्रैल को कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन देकर इस संबंध में कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया।



इसी के विरोध में छात्रों को यह कदम उठाना पड़ा।वहीं, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि छात्रों की मांगों को विश्वविद्यालय को भेज दिया गया है। विश्वविद्यालय स्तर से अभी तक कॉपियों की दोबारा जांच की कोई व्यवस्था नहीं है, हालांकि मामले पर विचार किया जा रहा है।हंगामे की सूचना मिलते ही खटीमा कोतवाली से पुलिस टीम कॉलेज पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। प्राचार्य के आश्वासन के बाद दोपहर करीब तीन बजे छात्र छत से नीचे उतरे।छात्रसंघ अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि तीन दिन के भीतर उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन और अनशन किया जाएगा। इस दौरान महासंघ सचिव सचिन सामंत, आकाश वर्मा, वंशिका शुक्ला, कृष्णा रस्तोगी, मनीषा, नेहा, किरन, अंजली, पायल, पवन, शानू, ऋतिक आदि मौजूद रहे।

## पाईप लाइन बिछाने के बाद नहीं पाटी सड़क,लोग परेशान

नानकमत्ता। नगर क्षेत्र में निगम द्वारा कराए जा रहे पाईपलाइन बिछाने के कार्य के दौरान लापरवाही के चलते स्थानीय लोगों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे खुदाई के बाद छोड़ी गई कच्ची मिट्टी से उड़ने वाली धूल ने पूरे क्षेत्र का माहौल खराब कर दिया है। बताया जा रहा है कि निगम के ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कों के किनारे कई स्थानों पर खुदाई की गई थी। हालांकि पाइपलाइन डालने का कार्य पूरा होने के बाद भी खोदी गई मिट्टी को समतल करने या सड़क को पुन: पक्का करने का काम नहीं किया गया। परिणामस्वरूप सड़क किनारे ढीली पड़ी मिट्टी तेज हवा और वाहनों की आवाजाही से उड़कर आसपास के क्षेत्रों में फैल रही है। इस स्थिति से खासकर बाजार क्षेत्र के व्यापारी काफी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि धूल के कारण उनकी दुकानों में सामान खराब हो रहा है और ग्राहकों को भी असुविधा हो रही है। वहीं राहगीरों और स्थानीय निवासियों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन संबंधित ठेकेदार और निगम के अधिकारियों द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत और मिट्टी को समतल कर पानी का छिड़काव नहीं कराया गया, तो समस्या और गंभीर हो सकती है। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कराया जाए, सड़क किनारे पड़ी ढीली मिट्टी को हटाकर मार्ग को दुरुस्त किया जाए और नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि धूल से राहत मिल सके।

''निगम के ठेकेदार द्वारा पिछले दिनों गुरुद्वारा रोड खटीमा रोड सितारगंज रोड पर पानी की पाईपलाइन बिछाई गई थी जिसके लिए सड़क किनारे जेसीबी से खुदाई कराई गई थी। लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद भी खोदी गई सडक सड़क को पाटा नहीं गया है। जिस व्यापारी के साथ ही राहगीर भी परेशान है। सोनू निगम के ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द सड़क को पाटने की मांग की है।

**बलदेव सिंह हरियान ,पूर्व प्रधानाचार्य गुरु नानक इ०का नानकमत्ता**

## बाइक से गिरकर घायल श्रमिक की मौत

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। क्षेत्र से एक बेहद हृदयविदारक खबर सामने आई है, जहां तीन दिन पूर्व बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए एक श्रमिक की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। जानकारी के अनुसार, शक्तिफार्म वार्ड



नंबर 02 निवासी दीपक राय (38) पुत्र दुलाल राय शनिवार की रात अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार होकर सिरसा मार्ग से घर वापस लौट रहे थे। सफर के दौरान बसघर के समीप अचानक बाइक के पीछे बैठे दीपक का संतुलन बिगड़ गया और वे सड़क पर जा गिरे। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने के कारण वे मौके पर ही लहूलुहान हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें गंभीर अवस्था में हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में उनका सघन उपचार चल रहा था, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद रविवार देर रात दीपक जिंदगी की जंग हार गए और उन्होंने अंतिम सांस ली। मृतक दीपक राय मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे और घर के अकेले कमाऊ सदस्य थे। उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने पीछे पत्नी और दो मासूम बेटों को बिलखता छोड़ गए हैं। पिता के साये से महरूम हुए बच्चों और पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और ढांढस बंधाया है। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## लंका दहन का मंचन देखकर दर्शक हुए रोमांचित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसआरआई संस्था द्वारा शीशमहल काठगोदाम में आयोजित महिला रामलीला के आठवें दिन हनुमान जी ड्यूटी किया गया लंका दहन, अक्षय कुमार का वध की लीला मंचन दिखाया गया। समुद्र पार करने से पूर्व हनुमान जी अपनी शक्ति भूल गए थे। तब जामवंत ने उन्हें उनके बल और पराक्रम का स्मरण कराया। इसके उपरांत हनुमान जी आकाश मार्ग से लंका पहुंचे और अशोक वाटिका में माता सीता को खोजकर उन्हें भगवान श्रीराम द्वारा दी गई अंगूठी भेंट की। लंका में हनुमान जी ने रावण के पुत्र अक्षय कुमार का वध किया और पूरी लंका को दहन कर दिया। इसके बाद वे वापस लौटे और भगवान श्रीराम को माता सीता का संदेश सुनाया। लंका दहन और सीता खोज के प्रसंग को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावुक हो गए। पंडाल में बैठे कई भक्तों की आंखें नम हो गईं और जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं सहित क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।



राम की भूमिका में मानसी रावत, लक्ष्मण अंशिका जीना, हनुमान तनुजा जोशी, सुग्रीव नीलम लोहनी, रावण दीपा कोश्यारी, मेघनाथ मंजू बिष्ट, अक्षथ कुमार, जामवन्त भावना पोखरिया थी। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने दीप प्रज्ज्वलन कर लीला का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति, रामायण के मूल्यों और बुराई पर अच्छाई की जीत पर जोर दिया। साथ में चेतन सम्मल व मयंक नेगी रहे। उन्होंने एसआरआई संस्था की प्रशंसा करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया। रामलीला की आयोजक व एसआरआई की संस्थाध्यक्ष तनुजा जोशी ने बताया कि महिला उत्थान के लिए महिलाओं की रामलीला में भागीदारी महिला सशक्तिकरण का साक्षात उदाहरण है। आयोजन का उद्देश्य धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवित रखना तथा नई पीढ़ी को रामायण के आदर्शों से जोड़ना है। मंच संचालन रिम्पी बिष्ट ने किया। इस दौरान रंगकर्मी अनिल घिडियाल, गिरीश चन्द्र तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, दिनेश फुलारा, पुष्पा संभल, संगीत निर्देशक मोहन चन्द्र जोशी, महामंत्री कौशलेंद्र भट्ट, कामिनी पाल, इशिका शर्मा, योगिता बनोला, राधा मिश्रा, मीना डंगवाल, सुरेंद्र रौतेला, योगेश भोज, हर्षवर्धन जोशी, मनोज गुणवंत, विकास राठौर, अजय कुमार, केशव दत्त जोशी, समीर शुक्ला, तारा चन्द्र उप्रेती, गौरव जोशी, मकरंद प्रताप सिंह, एनडी तिवारी, मोहन चन्द्र बलुटिया, मोहन अधिकारी, नारायण दत्त सनवाल, रमेश, आशीष सहित सैंकड़ो लोग उपस्थित थे।

## ठुकराल का व्यापारियों ने किया जोरदार स्वागत

रूद्रपुर। पूर्व विधायक एवं कद्दावर नेता राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित होने के बाद प्रथम बार मुख्य बाजार आगमन पर स्थानीय व्यापारियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर का व्यापारी वर्ग उनके परिवार के समान है और उनके सुख-दुख में वे हमेशा चट्टान की तरह खड़े रहे हैं। ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की जनहितैषी नीतियों और व्यापारियों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को देखते हुए उन्होंने पार्टी का दामन थामा है। उन्होंने संकल्प लिया कि व्यापारियों के मान-सम्मान और उनके हितों की रक्षा के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस ही प्रदेश और



देश को विकास की सही दिशा दे सकती है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद महेंद्र पाल सिंह ने कहा कि राजकुमार ठुकराल के आने से रूद्रपुर और आसपास के क्षेत्रों में कांग्रेस को एक नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। नगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षा ममता रानी ने भी ठुकराल का स्वागत करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक गतिशील होगा। स्वागत समारोह के दौरान जीत सिंह चाचू, डॉ. अजय सिंह, परगट सिंह, गोपाल भसीन, तजिंदर सिंह लाटू, मुक्तेश्वर शाही, जगदेव सिंह, नाथूलाल कोली, सुरेंद्र अरोड़ा रज्जी, सुमुख सिंह विर्क और संजय जुनेजा, केवल बत्रा, हरजीत कालड़ा, रणजीत सिंह, गुरचरण सिंह, करण सिंह, ओमपाल कोली, इंद्रजीत सिंह, गौरव दीक्षित, गोविंद अग्रवाल, रमेश भुसरी, जसवंत पहवा, मनजीत सिंह, मनमोहन सिंह, भीम पपनेजा, मनजीत सिंह सेतिया, अपार सिंह बेदी, ललित सिंह बिष्ट, सागर छाबड़ा, डिंपल और बृजेश कंबोज सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पुत्री को डांटा तो घर पर बिना बताये कहीं चली गई

काशीपुर। पिता ने अपनी नाबालिग पुत्री को डांटा तो किशोरी घर पर बिना बताये कहीं चली गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है।रामनगर रोड नीलियम कम्पनी निवासी जगदीश ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 5 अप्रैल की सुबह उसने अपनी 11 वर्षीय पुत्री शीतल को डांट दिया था। जिसके बाद उसकी पुत्री बिना बताये कहीं चली गई तथा घर वापस नहीं लौटी। काफी तलाशने पर भी उसकी कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## कब्रिस्तान गया व्यक्ति हुआ लापता

काशीपुर। कब्रिस्तान गया एक व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। लापता व्यक्ति के भतीजे ने पुलिस को तहरीर देकर उनकी बरामदगी की मांग की है। मोहल्ला काजीबाग निवासी अनवर हुसैन एडवोकेट ने कटोराताल चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके चाचा आबिद हुसैन पुत्र मौ. हुसैन बीती 6 अप्रैल की प्रात: बंदा कब्रिस्तान गये थे जो वापस नहीं लौटे। काफी तलाशने पर भी उनकी कुछ पता नहीं चला। पुलिस तहरीर के आधार पर लापता व्यक्ति की तलाश में जुट गई है।

# घरेलू गैस सिलेण्डरों का बैकलॉग समाप्त करें कंपनियां: मुख्य सचिव

## चारधाम यात्रा को देखते हुए कमर्शियल गैस सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश

देहरादून। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं आगामी चारधाम यात्रा तथा पर्यटन सीजन को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने सभी जिलाधिकारियों एवं तेल कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर राज्य में घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी गैस की आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा के दौरान कमर्शियल गैस सिलेण्डरों की आपूर्ति निर्बाध रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट एवं पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने तेल कंपनियों को निर्देशित किया कि घरेलू गैस आपूर्ति में यदि कोई बैकलॉग है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल समाप्त किया जाए तथा आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाया जाए, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों से फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सप्लाई बढ़ाकर बाजार में उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे अनावश्यक दबाव और पैनिक की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि तेल कंपनियों को संचालन में यदि कोई प्रशासनिक या लॉजिस्टिक समस्या आ रही हो तो उसका शीघ्र समाधान किया जाए। मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने जनपदों में गैस आपूर्ति की स्थिति पर निरंतर निगरानी रखें, प्रवर्तन कार्यवाही को बढ़ाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी कालाबाजारी या कृत्रिम संकट की स्थिति न बने। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि आम जनमानस को किसी प्रकार की परेशानी न हो तथा पैनिक बुकिंग जैसी प्रवृत्तियों को नियंत्रित किया जाए। सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति श्री आनंद स्वरूप ने बताया कि बैठक में जिलाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि घरेलू गैस आपूर्ति में सुधार हो रहा है और पैनिक बुकिंग की स्थिति में भी कमी आई है। मुख्य सचिव श्री आनंद बर्द्धन ने कहा कि उत्तराखण्ड की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से चारधाम



यात्रा एवं पर्यटन गतिविधियों पर आधारित है। प्रतिवर्ष अप्रैल से नवम्बर तक संचालित होने वाली यात्रा अवधि में राज्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं, जिससे गैस की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। उन्होंने अवगत कराया कि यात्रा काल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु राज्य में निवास करते हैं तथा जून से सितम्बर के मध्य मानसून अवधि के दौरान अतिवृष्टि जैसी परिस्थितियों में आपदा की आशंका भी बनी रहती है। ऐसे समय में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए एलपीजी गैस एक महत्वपूर्ण ईंधन के रूप में उपयोग में आती है। इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार को एक पत्र प्रेषित किया जा रहा है, जिसमें अनुरोध किया गया है कि माह अप्रैल से नवम्बर तक उत्तराखण्ड को व्यावसायिक एलपीजी का 100 प्रतिशत आवंटन पूर्ववत बनाए रखा जाए। साथ ही, संभावित आपदा स्थितियों में राहत कार्यों के लिए अतिरिक्त 05 प्रतिशत व्यावसायिक गैस आवंटन भी सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार राज्य को यात्रा अवधि के दौरान लगभग 967949 व्यावसायिक सिलेण्डरों के साथ-साथ लगभग 48397 अतिरिक्त सिलेण्डरों की आवश्यकता का आकलन किया गया है। सचिव श्री आनंद स्वरूप ने बताया कि इस संबंध में भारत सरकार से अनुरोध किया जा रहा है कि पूर्व का कोटा 100 प्रतिशत रखते हुए आपदा को देखते हुए 5 प्रतिशत अतिरिक्त कोटा आवंटित किया जाए। राज्य में एलपीजी गैस की आपूर्ति को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के उद्देश्य से व्यापक प्रवर्तन अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। 09 मार्च 2026 से प्रारम्भ यह कार्रवाई वर्तमान में भी जारी है, जिसके तहत जनपद स्तर पर नियमित निरीक्षण और सख्त प्रवर्तन सुनिश्चित किया जा रहा है। अब तक अभियान के अंतर्गत कुल 5934 निरीक्षण किए जा चुके हैं। जांच के दौरान अनियमितताओं पर कार्रवाई करते हुए 864 घरेलू एवं 168 व्यावसायिक गैस सिलेण्डर जब्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन टीमों द्वारा 362 छापे, 17 एफआईआर दर्ज की गई हैं तथा 07 गिरफ्तारियां की गई हैं। अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए अब तक कुल घ1,05,900 का अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है। कार्रवाई के दौरान अवैध रिफिलिंग और गैस के दुरुपयोग से संबंधित उपकरण भी जब्त किए गए हैं, जिनमें रिफिलिंग किट, गैस चूल्हे तथा एक पिकअप वाहन शामिल हैं।

# शिमला कुर्रैया मार्ग के लिए 19 करोड़ से अधिक की धनराशि स्वीकृत

## विधायक तिलक राज बेहड़ का ग्राम मलसा में जोरदार अभिनंदन और लड्डुओं से तौला गया

किच्छा (उद संवाददाता)। क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित शिमला कुर्रैया मार्ग के सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्य हेतु 19 करोड़ 40 लाख 62 हजार रुपये की भारी भरकम धनराशि स्वीकृत होने पर संपूर्ण विधानसभा क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इसी क्रम में ग्राम मलसा में क्षेत्रीय जनता, जनप्रतिनिधियों एवं भारी संख्या में जुटे ग्रामवासियों द्वारा विधायक तिलक राज बेहड़ का ऐतिहासिक स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत समारोह के दौरान पूरा क्षेत्र ढोल नगाड़ों की थाप से गूंज उठा और एक भव्य जुलूस निकाला गया। तुलसी द्वार पर एकत्रित









होकर ग्रामवासियों ने विधायक का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया और उन्हें लड्डुओं से तौला गया, जो क्षेत्रीय जनता के अपने विधायक के प्रति अपार स्नेह और अटूट विश्वास का प्रतीक रहा। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए विधायक तिलक राज बेहड़ ने भावुक होते हुए सभी क्षेत्रवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह भव्य सम्मान उनका व्यक्तिगत नहीं है, बल्कि किच्छा क्षेत्र की उस महान जनता का सम्मान है जिसने विकास की इस राह में उनका साथ दिया। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य के लिए प्रारंभिक पहल क्षेत्रवासियों के सक्रिय सहयोग से ही संभव हुई थी, जिसके पश्चात शासन स्तर पर इसे तकनीकी और वित्तीय स्वीकृति दिलाकर धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने निरंतर प्रयास किए। विधायक ने जोर देते हुए कहा कि इस मार्ग के निर्माण से आसपास के सैकड़ों गांवों के हजारों निवासियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। इससे न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि स्थानीय स्तर पर व्यापार एवं लघु उद्योगों को भी नई दिशा और गति प्राप्त होगी।विधायक तिलक राज बेहड़ ने अपने विस्तृत संबोधन में विकास का रोडमैप साझा करते हुए कहा कि उनका संकल्प केवल सड़क निर्माण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि वे संपूर्ण किच्छा विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र की सड़कों, श्मशान घाटों, धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं और भविष्य में भी ये कार्य पूरी प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास किसी एक विशेष वर्ग या राजनीतिक दल का विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की बुनियादी आवश्यकता है। इसी व्यापक सोच के साथ उन्होंने सदैव दलगत राजनीति की संकीर्ण सीमाओं से ऊपर उठकर जनकल्याण के कार्य किए हैं।कुछ राजनैतिक विरोधियों द्वारा लगाए जा रहे निराधार आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक ने कहा कि वे अपने सार्वजनिक जीवन में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही में विश्वास रखते हैं। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि किसी को भी विकास कार्यों के संबंध में किसी प्रकार की शंका है, तो वह संबंधित सरकारी विभागों में शिकायत करने या जांच कराने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है, क्योंकि वे जनहित से जुड़े हर प्रश्न का उत्तर देने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। अपने संबोधन के समापन पर उन्होंने कहा कि यह सड़क केवल कंक्रीट का मार्ग नहीं है, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य और विकास की नई इबारत है। उन्होंने संकल्प लिया कि जब तक क्षेत्र का अंतिम व्यक्ति मूलभूत सुविधाओं से नहीं जुड़ जाता, उनके प्रयास विराम नहीं लेंगे। इस अवसर पर आसपास के कई ग्रामों से आए नागरिक, ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, किसान भाई, उद्योग एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधि और पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

SAHAS Homeo
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता

डॉ. यश पाण्डेय
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धि रोग
अन्य रोग • स्पान्डीलाईटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी
मो. 9456727473, 9410514531 शनिवार अवकाश

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम ने ली समीक्षा बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खटीमा में 09 अप्रैल को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सेवा शौर्य सम्मान समारोह को संबोधित करेंगे और नवनिर्मित सीएसडी कैंटीन का लोकार्पण करेंगे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस विशेष कार्यक्रम के दौरान पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को सम्मानित किया जाएगा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने खटीमा में आयोजित होने वाले सेवा शौर्य सम्मान समारोह और सीएसडी कैंटीन लोकार्पण कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम स्थल पर सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था के साथ ही शुद्ध पेयजल की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी और अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय को निर्देश दिए कि वे व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण करें और वहां मौजूद सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दें।इस महत्वपूर्ण बैठक में मंडी अध्यक्ष अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्र और जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। सभी को निर्देशित किया गया है कि मुख्यमंत्री के आगमन और कार्यक्रम की गरिमा के अनुरूप सभी प्रबंध चाक चौबंद रखे जाएं ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो।



# हर्षोल्लास से मनाई महर्षि कश्यप जयंती

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कश्यप महासभा के नेतृत्व में ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक वेंकट हॉल में महर्षि कश्यप जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेंद्र कश्यप ने व संचालन मनोज कुमार ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रकाश हरबोला पूर्व राज्य मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में महापौर गजराज सिंह बिष्ट, भाजपा ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्या, लालकुआं विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ललित जोशी, मुख्य अतिथि रूप में पहुंचे। इस अवसर पर वक्ताओं ने महर्षि कश्यप जी के जीवन पर प्रकाश डाला। साथ ही उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमेशा दूसरों की मदद करने काआह्वान किया। कार्यक्रम में धर्मपाल कश्यप, किशोरी लाल, रामप्रसाद कश्यप, हरीराम कश्यप, अशोक कश्यप, श्याम कश्यप, पंकज कश्यप, जानकी प्रसाद कश्यप, नन्हे कश्यप, शंकर कश्यप, अमित कश्यप, मुकेश कश्यप, पार्षद संजय पांडे, ध्रुव कश्यप, रूपचन्द्र कश्यप, चेतराम कश्यप, अनुज कश्यप, सुनीता कश्यप, ललिता कश्यप, प्रति कश्यप,



कश्यप, सुनील कश्यप, राहुल कश्यप, ओमी शंकर, अमित कश्यप, राजन कश्यप, अभिषेक कश्यप, दुर्वेश कश्यप, अनिल कश्यप, सागर पूनम कश्यप, रीना कश्यप, अशोक कश्यप, संजय कश्यप, दीपक कश्यप, मुकेश कश्यप, संजय कश्यप एवं अन्य कश्यप परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# रम्पुरा में धूमधाम से निकली हिंदू शौर्य यात्रा

## भगवा ध्वजों और जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा क्षेत्र, हजारों की संख्या में युवाओं और महिलाओं ने दिखाई एकजुटता

रूद्रपुर। विधायक शिव अरोरा के नेतृत्व में रम्पुरा क्षेत्र में भव्य हिंदू शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में सनातनी प्रेमियों ने प्रतिभाग किया। भगवा झंडे लिए हजारों लोगों का हुजूम जब रम्पुरा की सड़कों पर उतरा, तो पूरा क्षेत्र भक्तिमय नजर आया। युवाओं और महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला, जो श्जय श्रीरामश और श्गर्व से कहो हम हिंदू हैंश के नारों के साथ पैदल यात्रा में शामिल हुए। हिंदू शौर्य यात्रा का शुभारंभ रम्पुरा स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर से हुआ, जहां विधायक शिव अरोरा ने आदिशक्ति मां दुर्गा के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।यात्रा के दौरान जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रम्पुरा हमेशा से धार्मिक आयोजनों और हिंदुत्व के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता आया है। आज इस शौर्य यात्रा में उमड़ा जनसैलाब यह सिद्ध करता है कि रम्पुरा की जनता सनातन धर्म से अगाध प्रेम करती है और धर्म की रक्षा के लिए सदैव समर्पित रहती है। उन्होंने कहा कि रम्पुरा के युवाओं और महिलाओं का संकल्प है कि जो भी हिंदू संस्कृति और धर्म की बात करेगा, क्षेत्र की जनता सदैव उसके साथ खड़ी रहेगी।




विधायक ने जोर देते हुए कहा कि लोगों में भगवा के प्रति जो प्रेम नजर आ रहा है, वह स्पष्ट संदेश है कि रम्पुरा में केवल श्रीराम के नाम की गूंज है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोना और युवा पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति के प्रति जागरूक कर एकजुट रखना है।विपक्ष पर निशाना साधते हुए शिव अरोरा ने कहा कि समाज में कुछ लोग तुष्टिकरण और बांटने की राजनीति करते हैं ताकि हिंदू समाज को कमजोर किया जा सके, लेकिन रम्पुरा के लोग भगवा ध्वज की आवाज बुलंद करने वालों के साथ हैं। उन्होंने कहा कि भव्य और दिव्य राम मंदिर का निर्माण भारतीय जनता पार्टी की सरकार में ही संभव हो पाया है, जिसे लेकर प्रत्येक रामभक्त में भारी उत्साह है। विधायक ने रम्पुरा से अपने विशेष लगाव का जिक्र करते हुए कहा कि वे क्षेत्र के हर व्यक्ति के सुख-दुख में हमेशा साथ रहे हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में मंदिरों के सौंदर्यीकरण से लेकर सामुदायिक भवनों के निर्माण जैसे अनेक विकास कार्य कराए हैं।यह भव्य हिंदू शौर्य यात्रा दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर कटोरी मंदिर, काली मंदिर, गुरुद्वारा रोड और सनशाइन स्कूल होते हुए शिव मंदिर चौरासी घंटा मंदिर पर संपन्न हुई। अंत में विधायक ने यात्रा को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में आए सभी सनातन प्रेमियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, बिट्टू शर्मा, प्रीत ग्रोवर, गिरीश पाल, चन्द्रसेन चंदा, महेश कोली, गजेंद्र प्रजापति, जितेंद संधू, राजेश गुप्ता, जितेंद हुंडल, किशन कोली, राज कोली, मोहित कोली, रवि, वीरू, राजू श्रीवास्तव, गुन्नू चौधरी, बिट्टू मिश्रा, विक्की वाल्मीकि, नमन चावला, सौरभ गुप्ता, संतोष गुप्ता, संतोष पाल, मोहित पांडा, शिवकरण, सुदामा कोली, चंद्रपाल कोली, अर्चना राय, ममता श्रीवास्तव, सुनील बाल्मीकि, मोर सिंह, छेदालाल पाल, भीमसेन गुप्ता और पिंटू पाल सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

रूद्रपुर। ग्राम खटोला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के समापन अवसर पर पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने पूर्ण भक्ति भाव से कथा श्रवण किया और व्यास गद्दी पर विराजमान प्रख्यात कथा व्यास पंडित नवीन चन्द्र उपाध्याय शास्त्री से आशीर्वाद प्राप्त



कर क्षेत्र की सुख- समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के आयोजकों ने पूर्व विधायक को उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राजकुमार ठुकराल ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्यके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजनों से न केवल समाज में संस्कारों का बीजारोपण होता है, बल्कि आपसी सद्भावना और भाईचारे की अविरल धारा भी प्रवाहित होती है।इस दौरान राम सिंह मेहरा, त्रिलोक सिंह मेहरा, गोविंद सिंह, चंदन सिंह गडिया, नारायण सिंह कार्की, विशन सिंह कार्की, दिनेश जोशी, पप्पू मेहरा, रामदत्त जोशी, धर्मानंद जोशी, उमेद सिंह कार्की, नंदन सिंह कार्की, दिवस सिंह, राम सिंह, जीवन सिंह, नंदाबल्लभ, खुशाल सिंह, किशन दत्त जोशी, त्रिलोक सिंह, विजय सिंह, डिगर सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने व्यास गद्दी से विदाई ले रहे कथा वाचक का अभिनंदन कर मंगल भविष्य की कामना की।

# भारत विकास परिषद के आनंद अग्रवाल पुनः अध्यक्ष निर्वाचित

## सचिव पद पर राजेश सलूजा और कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी विपिन लूथरा को सौंपी गई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत विकास परिषद रूद्रपुर शाखा द्वारा सत्र 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी हेतु निर्वाचन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न ही राजेश सलूजा को शाखा सचिव और विपिन लूथरा को कोषाध्यक्ष के पद पर चयनित किया गया। नवीन कार्यकारिणी के चयन पर उपस्थित सदस्यों ने हर्ष मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने परिषद के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि नई टीम समाज सेवा के प्रकल्पों को अग्रवाल, कीर्ति शर्मा,राहुल सिंघल, जतिन अग्रवाल,संजय कुमार, राजेश जैन और रोहित कपूर सहित अनेक लोग रहे। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त कार्यकारिणी





हुई। इस कार्यक्रम में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में शाखा प्रभारी नरेश कंसल उपस्थित रहे, जिनकी देखरेख में चुनावी औपचारिकताएं पूरी की गईं। पूरी चुनाव प्रक्रिया के दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए आनंद अग्रवाल को पुनः अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ व्यक्त करते हुए नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन को और अधिक गतिशील बनाने हेतु राष्ट्रीय समन्वयक गजेंद्र सिंह संधू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील खेड़ा, विधायक शिव अरोरा और क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव नरेंद्र अरोरा का महत्वपूर्ण और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए परिषद के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ और सम्मानित सदस्य विष्णु सक्सेना, अजय अग्रवाल, मनीष को शुभकामनाएं देते हुए परिषद की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने की बात कही। चुनाव प्रक्रिया के अंत में शाखा प्रभारी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके दायित्वों की शपथ दिलाई और सत्र 2026 -27 के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# महापौर ने किया विशेष स्वच्छता अभियान का आगाज

## स्वच्छता की दिलाई शपथ,पूरे शहर में 7 से 13 अप्रैल तक चलेगा सघन स्वच्छता और जन जागरूकता अभियान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शासन के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का महापौर विकास शर्मा ने मंगलवार को मुख्य बाजार स्थित वीर सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया। विशेष स्वच्छता अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधि निर्देशों के क्रम में बढ़ती गर्मी और संक्रामक रोगों के खतरे को देखते हुए 7 से 13 अप्रैल तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महापौर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। महापौर ने कहा कि पिछले वर्ष स्वच्छता रैंकिंग में रूद्रपुर नगर निगम ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस वर्ष रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) और मेडिकल वेस्ट को अलग-अलग श्रेणियों में रखा जाएगा ताकि उनका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो सके। साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए नाले-नालियों की तली झाड़ जन प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने लोगों को गीला और सूखा कूड़ा अलग रखने के फायदों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद चिराग कालरा, राजू नवियाल, सफाई







हकीकत राय मार्ग से विधिवत शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए झाड़ू थामी और आम जनमानस को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अभियान में नगर निगम की टीम के साथ-साथ स्थानीय व्यापारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न त करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर और रोगमुक्त बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है, लेकिन इस लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव के उल्लेख करते हुए कहा कि उनके आह्वान के बाद देशभर में स्वच्छता के प्रति अभूतपूर्व जागरूकता आई है और अब इस मुहिम को प्रत्येक गली-मोहल्ले, स्कूल और सार्वजनिक स्थान तक ले जाना है। इसी कड़ी में 10 अप्रैल को प्रसिद्ध अटरिया मेला परिसर में भी एक जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें और कूड़ा केवल नगर निगम के वाहनों में ही डालें। महापौर ने बताया कि अब शहर के प्रत्येक घर में चार डस्टबिन रखने की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत गीला कचरा, सूखा कचरा, ई-वेस्ट सफाई का सघन अभियान भी युद्धस्तर पर प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के दौरान नगर निगम के कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को चार डस्टबिनों के उपयोग का सही तरीका समझाया और घरेलू गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की विधि भी बताई। इस अवसर पर निरक्षक कुलदीप कुमार, सुपरवाइजर दानू सिंह, विनोद, उमेद अधिकारी, प्रमोद मित्तल,विजय तोमर , अजय चड्डा जी, पारस चुघ, नीतीश धीर महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रीति धीर, आदि समस्त नगर निगम टीम व पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे ।।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# नारे दावे और बीमारियां

पीने का स्वच्छ पानी सबसे बुनियादी जरूरतों में से एक है, जिसके सुरक्षित होने के सवाल पर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। विडंबना यह है कि देश के अनेक हिस्सों में दूषित पेयजल से उपजे जोखिम के मामले सुर्खियों में आने पर सब कुछ ठीक करने के सरकारी आश्वासन जरूर सामने आते है, लेकिन कुछ समय बाद फिर वैसी ही घटना कहीं और से सामने आ जाती है। गौरतलब है कि जयपुर के सुशीलपुरा इलाके में दूषित पेयजल से पिछले हफ्ते सैकड़ों लोग बीमार हो गए। इनमें बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुए। लोगों ने उल्टी, दस्त, पेट दर्द, जी मिचलाने और बुखार जैसे लक्षणों की शिकायत की। खबरों के मुताबिक, इलाके में सड़क बनाने के काम के दौरान पानी की भूमिगत पाइपलाइन टूट गई, जिससे पेयजल में सीवर का पानी मिल गया। ऐसा लगता है कि न तो स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति को लेकर सरकार गंभीर है, न ही विकास कार्यों के दौरान इस बात का खयाल रखना जरूरी समझा जाता है कि क्या इसकी वजह से दूसरी गंभीर समस्या पैदा हो सकती है। देश के किसी हिस्से में दूषित पेयजल की वजह से बड़ी संख्या में लोगों के बीमार होने की यह कोई पहली घटना नहीं है। करीब तीन महीने पहले देश के सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पानी पीने की वजह से कई लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों बीमार हो गए। तब यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर चिंता का कारण बना था और इसके बाद हर ओर से पेयजल आपूर्ति को सुरक्षित बनाने की मांग उठी थी। हकीकत यह है कि आए दिन देश के किसी हिस्से से दूषित पेयजल की वजह से लोगों के बीमार होने की खबरें आती रहती हैं। सवाल है कि जिस दौर में हर घर में पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं, उसमें अक्सर ऐसी घटनाएं सामने क्यों आ रही हैं कि लोगों के घरों में दूषित पेयजल पहुंच रहा है। कभी सीवर का पानी पाइपलाइन में मिल जाता है, तो कभी किसी अन्य कारण से जहरीला पेयजल लोगों तक पहुंचता है। विकास कार्यों के संचालन और तालमेल की हालत यह है कि सड़क की खुदाई करते हुए इस बात को लेकर सावधानी बरतना जरूरी नहीं समझा जाता कि पेयजल की पाइपलाइन को कोई नुकसान न पहुंचे। सरकार के कामकाज में बरती गई लापरवाही की वजह से आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित होने की किसी घटना का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे हर कदम सख्ती से उठाए जाएं, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। मगर सच यह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब सरकार जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ितों को मुआवजा देने की घोषणा करती है, लेकिन इसके कुछ समय बाद सब कुछ बदस्तूर चलने लगता है। सरकारी महकमों की लापरवाही और कुप्रबंधन की वजह से जब बड़ी संख्या में लोग बीमार पड़ते हैं या उनकी जान जाती है, तो निचले स्तर के कुछ कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करके समस्या का हल मान लिया जाता है, जबकि इसके वास्तविक दोषी बचे रह जाते हैं। नतीजतन समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती है। दूषित पेयजल से लोगों के बीमार होने की खबरों से यही साबित होता है कि आम जनता की सेहत और जिंदगी को लेकर सरकारी तंत्र किस हद तक लापरवाह है। जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के केवल नारे या दावे से समस्या का हल नहीं निकल सकता।

# नैनीताल जिले में 25 अप्रैल से शुरू होगा मकानों का सूचीकरण

नैनीताल (उद संवाददाता)। आगामी 25 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होने वाले जनगणना कार्य के प्रथम चरण को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु जिले के सभी तहसील स्तरों और नगर क्षेत्रों में कार्मिकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण विभिन्न बैचों में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। नैनीताल नगरीय क्षेत्र के लिए राज्य संपत्ति विभाग के सभागार में आयोजित मुख्य प्रशिक्षण कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। इसी प्रकार जिले के अन्य महत्वपूर्ण केंद्रों जैसे भीमताल, धारी और रामनगर में भी जनगणना से संबंधित तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जनगणना के प्रथम चरण में मुख्य रूप से मकानों का सूचीकरण करते हुए उनकी गणना की जाएगी। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मकान सूचीकरण का संपूर्ण कार्य पूरी तरह से डिजिटल ऐप के माध्यम से किया जाएगा, जिससे आंकड़ों के संकलन में पारदर्शिता और सटीकता बनी रहे। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संस्थागत एवं गैर-संस्थागत परिवारों की पहचान करने तथा मकानों



के वैज्ञानिक चिह्नीकरण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसी क्रम में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) भीमताल में प्राचार्य सुरेश कुमार की उपस्थिति में और शिक्षा भवन नैनीताल में मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद जायसवाल की देखरेख में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए। शिक्षा भवन में आयोजित सत्र में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने उपस्थित प्रगणकों को संबोधित करते हुए आंकड़ों की सटीकता और कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने (समयबद्धता) पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्र के विकास की योजनाएं बनाने का आधार है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। शिक्षा भवन में संचालित प्रशिक्षण का समन्वय कमल सिंह मेहरा (सहायक जनगणना चार्ज एवं अपर सांख्यिकी अधिकारी, अर्थ एवं संख्या विभाग) द्वारा किया गया। वहीं, डाइट भीमताल में प्रशिक्षण कार्यक्रम अक्षत भट्ट (चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार नैनीताल) तथा मास्टर ट्रेनर ज्योतिर्मय मिश्रा व संजय गुरुरानी के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, इस व्यापक प्रशिक्षण अभियान में कुल आवंटित 311 कार्मिकों में से 295 प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे, जिन्हें जनगणना की डिजिटल प्रणाली में पूरी तरह दक्ष किया गया है।

# निजी स्कूलों के खिलाफ युवा शिव सेना ने खोला मोर्चा

देहरादून। जनपद देहरादून में निजी विद्यालयों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वृद्धि, हर वर्ष री-एडमिशन शुल्क की वसूली, महंगी ड्रेस और किताबों की जबरन बिक्री के खिलाफ युवा सेना ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन की ओर से जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए इन सभी मुद्दों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी चेतावनी नोटिस जारी कर सुधार करने के लिए कहा गया है। निजी विद्यालयों की मनमानी के खिलाफ युवा सेना ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सागर रघुवंशी ने कहा कि राज्य में "शिक्षा माफिया" सक्रिय है और फीस, ड्रेस व किताबों के नाम पर अभिभावकों से खुली लूट की जा रही है। उन्होंने सरकार से सख्त कानून लागू करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि कार्रवाई न होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसी क्रम में देहरादून में यह पूरा कार्यक्रम सुमित चौधरी (महानगर उपाध्यक्ष) के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें



युवा सेना ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही विभिन्न निजी विद्यालयों को भी ज्ञापन देकर मनमानी पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन में मनमानी फीस वृद्धि, हर वर्ष री-एडमिशन शुल्क की वसूली, तथा महंगी ड्रेस और किताबों की जबरन बिक्री जैसे मुद्दों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई। सुमित चौधरी ने कहा कि निजी विद्यालयों ने शिक्षा को व्यवसाय बना दिया है और अभिभावकों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो संगठन सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगा। वहीं महानगर महासचिव शिव कुमार ने भी स्कूलों पर ड्रेस और किताबों में कमीशनखोरी का आरोप लगाते हुए कहा कि अब अभिभावकों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ने पर स्कूलों के बाहर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। युवा सेना ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन और स्कूल प्रबंधन ने जल्द कदम नहीं उठाए, तो देहरादून में बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे, मुख्यतः विशाल पाल, शुभम पाल, रोहित राजपूत, नवलेश शाह, दीपक वर्मा, शिवम गुप्ता, अरविंदआर्यन, विजय, अजय, विवेक, युगम, बॉबी, रोहित, आयुष, अनिकेत, गोलू, दीपक, मनीष, सत्यम, शिवा कुमार आदि मौजूद थे।

# राज्यपाल ने किया 'बजाज इंजीनियरिंग स्किल्स ट्रेनिंग सेंटर' का उद्घाटन

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने आज यू.पी.ई.एस. विश्वविद्यालय, देहरादून में 'बजाज इंजीनियरिंग स्किल्स ट्रेनिंग सेंटर' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा जारी ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन रिपोर्ट का भी अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय और बजाज ऑटो लिमिटेड की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र युवाओं को उद्योग के अनुरूप कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। बजाज इंजीनियरिंग स्किल्स ट्रेनिंग सेंटर एक व्यावहारिक, उद्योग-संरेखित केंद्र है, जिसका उद्देश्य डिप्लोमा और बी.टेक छात्रों को तेजी से बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप कौशल प्रदान करना है। मेकाट्रॉनिक्स, टिक्स और ऑटोमेशन, मोशन कंट्रोल और सेंसर टेक्नोलॉजी, तथा इंडस्ट्री 5.0 और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित यह केंद्र छात्रों की रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा, कक्षा और वास्तविक दुनिया के बीच की दूरी को कम करेगा, और उन्हें भविष्य के लिए तैयार पेशेवर बनाएगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह केंद्र छात्रों को मैन्युफैक्चरिंग, ऑटोमेशन और आधुनिक इंजीनियरिंग कौशलों में





दक्ष बनाएगा, जिससे वे डिग्री प्राप्त करने से पहले ही इंडस्ट्री रेडी बन सकेंगे। उन्होंने इसे उत्तराखण्ड ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श पहल बताया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र केवल यू.पी.ई.एस. के छात्रों के लिए ही नहीं, बल्कि राज्य के अन्य इंजीनियरिंग कॉलेजों और आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए भी एक अवसर के रूप में है जिससे अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सकेगा। राज्यपाल ने बजाज ऑटो लिमिटेड की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा प्रथम चरण में अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना की गई है तथा भविष्य में इसे और विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार की पहल देश के अन्य शैक्षणिक संस्थानों में भी अपनाई जानी चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल ने यू.पी.ई.एस. द्वारा जारी इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट 2024-25 तथा ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन रिपोर्ट की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी के प्रति हमारी जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस दिशा में विश्वविद्यालय का यह प्रयास सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि 21वीं सदी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, ऑटोमेशन और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उद्योग जगत से अपेक्षा की कि वे छात्रों को इन उभरते क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करें, ताकि युवा भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। यू.पी.ई.एस. के कुलपति डॉ. सुनील राय ने कहा, एक "यूनिवर्सिटी फॉर टुमॉरो" के रूप में, हम संस्थान के हर आयाम में प्रभाव को शामिल कर रहे हैं, जिसे कठोरता से मापा जाता है और निरंतर बेहतर बनाया जाता है। उद्घाटन समारोह में बजाज ऑटो लिमिटेड के चीफ ह्यूमन रिसोर्सेस ऑफिसर, श्री रवि किरण रामासामी ने भी संबोधित किया और कौशल विकास, रोजगार क्षमता तथा इंजीनियरिंग स्नातकों से उद्योग की बदलती अपेक्षाओं पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन यू.पी.ई.एस. के अध्यक्ष डॉ. राम शर्मा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर अध्यक्ष एचईआरएस डॉ. शरद मेहरा, रजिस्ट्रार यू.पी.ई.एस. श्री मनीष मदान, सेंटर हेड यू.पी.ई.एस. डॉ. सचिन शर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथि, संकाय और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उधार दिये पैसे वापस मांगने पर मारपीट

काशीपुर। एक व्यक्ति ने उधार के पैसे मांगने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस का तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम खरमासा निवासी अनूप सिंह पुत्र गुलजार सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने जसपुरखुर्द निवासी सौरभ कुमार चड्ढा पुत्र रमेश कुमार चड्ढा पर आठ लाख 50 हजार रूपये उधारी के बकाया थे। जब सौरभ कुमार चड्ढा ने पैसे उधार लिये थे तो उसने 3-3 लाख के दो चेक दिये थे। जब उसने सौरभ कुमार से अपनी उधारी लौटाने की मांग की तो उसने उसे 28 जरवरी 2026 की दोपहर 12.30 बजे जसपुरखुर्द स्थित अपनी दुकान पर बुलाया। जब वह वहां पहुंचा तो वहां सौरभ कुमार चड्ढा तीन-चार अन्य लोग मौजूद थे। हिसाब-किताब के दौरान सौरभ कुमार चड्ढा आग बबूला हो गया और उसके साथ मारपीट करने लगा। जिस पर वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाया। बाद में सौरभ कुमार चड्ढा कहने लगा कि तू बहुत बडा नेता बनता है, तेरा मुझ पर कोई भी पैसा नही है। तुझसे जो हो सके वह कर ले और जान से मारने की धमकी दी।

# यूथ कांग्रेस में सुमिंदर यादव की दोबारा ताजपोशी

शक्तिफार्म। सितारगंज विधानसभा क्षेत्र में यूथ कांग्रेस संगठन के चुनाव में सुमिंदर यादव ने एक बार फिर शानदार



जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद पर अपनी मजबूत पकड़ साबित की है। उनके पुनः अध्यक्ष निर्वाचित होने पर समर्थकों में जबरदस्त उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। चुनाव प्रक्रिया के दौरान कुल 1175 वोट डाले गए थे, जिनमें से 1030 वोट विभिन्न कारणों से खारिज हो गए। वैध 145 वोटों की गिनती में सुमिंदर यादव को 97 मत प्राप्त हुए, जिससे उन्होंने निर्णायक बढ़त हासिल की। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी वसीम अहमद को 24 वोट मिले, जबकि विक्रमजीत सिंह को 5 वोट प्राप्त हुए। इसके अलावा 19 वोट होल्ड पर रखे गए। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने सुमिंदर यादव का जोरदार स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। इस मौके पर नवतेज पाल सिंह, उत्तम आचार्य, सरताज अहमद, करन जंग, बलवंत बोरा, सूर्य प्रताप सिंह, राहुल सिंह, विनय विश्वास, प्रशांत मंडल, गुरदेव सिंह, भगवान पांडे, किशोर आचार्य, राजू यादव, वीरेंद्र यादव, सागर मंडल, अमित सरकार, सपना ओझा, अभिषेक साहनी, बबलू कुमार, विजय कुमार, राहुल कुमार और अविनाश साहनी, मनोज सुतार,प्राण मण्डल, श्रीकांत मिस्त्री ,किशोर आचार्य, सहित कई गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुमिंदर यादव ने सभी मतदाताओं और समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं को जोड़ने और उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि यूथ कांग्रेस को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# किच्छा में मानदेय वृद्धि को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

किच्छा (उद संवाददाता)। मानदेय वृद्धि की एक सूत्रीय मांग को लेकर क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मंगलवार को धरने के दूसरे दिन किच्छा के अंबेडकर पार्क में सैकड़ों की संख्या में कार्यकत्रियों ने एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने साफ चेतावनी दी है कि जब तक उनका मानदेय बढ़ाकर 24 हजार रुपये नहीं किया जाता, तब तक आंगनबाड़ी केंद्रों में तालाबंदी और कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। धरने को संबोधित करते हुए संगठन की प्रदेश सदस्य कुसुम लता ने कहा कि वर्तमान में सरकार द्वारा दिया जा रहा मानदेय एक दिहाड़ी मजदूर की मजदूरी से भी कम है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की अतिरिक्त सेवाएं पूरी निष्ठा और ईमानदारी से ली जा रही हैं, लेकिन उनके भविष्य और परिवार के भरण-पोषण के संबंध में सरकार गंभीर नजर नहीं आ रही है। बढ़ती महंगाई के इस दौर में अल्प मानदेय में परिवार चलाना दूभर हो गया है। उन्होंने मांग की कि कार्यकत्रियों का वेतनमान 9300 से बढ़ाकर न्यूनतम 24 हजार रुपये किया जाए, जो एक सम्मानजनक पारिश्रमिक के दायरे में आता है। ब्लॉक अध्यक्ष मुन्नी ठाकुर ने कहा कि सरकार बच्चों की देखरेख के साथ-साथ बीएलओ ड्यूटी, पहचान पत्र बनाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पर डाल रही है, लेकिन जब मानदेय वृद्धि की बात आती है तो सरकार चुप्पी साध लेती है। उन्होंने घोषणा की कि जब तक सरकार मानदेय वृद्धि की आधिकारिक घोषणा नहीं करती, तब तक सभी केंद्रों में तालाबंदी रहेगी और कोई भी कार्य संपादित नहीं किया जाएगा। इस दौरान कार्यकत्रियों ने सामूहिक रूप से सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शशि बिष्ट, सुजाता, मुनीश, धना देवी सहित भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिकाएं मौजूद रहीं।



# अग्रसेन चौक पर भंडारा जनसेवा कार्यक्रम जारी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महाराजा अग्रसेन चौक पर भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल एवं उनकी समर्पित टीम द्वारा पिछले कई महीनों से निरंतर भंडारे के माध्यम से जनसेवा का सराहनीय और प्रेरणादायी कार्य किया जा रहा है। यह सेवा अभियान अब केवल भोजन वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज में सहयोग, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त करने वाला एक जनआंदोलन बनता जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में जरूरतमंद लोग यहां सम्मान के साथ भोजन ग्रहण कर रहे हैं। वहीं शहर के अनेक लोग भी इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता कर रहे हैं।आज जनसेवा कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी मेजर केशव सिंघला, श्रीमती बीना सिंघला, प्रवीण जैन, सुरेश वालिया, श्रीमती नीलम अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, अरुण बघेल एवं डॉक्टर राधिका अग्रवाल द्वारा भगवान शंकर-पार्वती एवं श्री हनुमान जी के समक्ष विधिवत पूजा-अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने सेवा कार्य की सफलता और समाज में सुख-समृद्धि की कामना की।प्रवीण जैन ने एडवोकेट प्रमोद मित्तल एवं उनकी टीम द्वारा किये जा रहे सेवा कार्य को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा इस जनसेवा अभियान के माध्यम से रुद्रपुर का नाम भी दूर-दूर तक रोशन हो रहा है।मेजर केशव सिंघला ने कहा कि यह जनसेवा वास्तव में अनुकरणीय पहल है। यह भारतीय संस्कृति के "अतिथि देवो भव" और सेवा परंपरा को साकार करता है। प्रमोद मित्तल ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसेवा का यह अभियान समाज के सहयोग से ही निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस जनसेवा मे सहभागिता करने वालों मे राजेश कमरा, कुशल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, जुगनू अरोरा, रवि अग्रवाल, प्रमोद यादव, करण अरोरा, अमित मित्तल, शिवांश अग्रवाल, पूजा मित्तल एडवोकेट, दीपिका मित्तल एडवोकेट, अंकित शर्मा, उषा शर्मा, मनीष मित्तल एडवोकेट, जितेंद्र साहनी सहित अन्य सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।



# ठुकराल पैर छूने को तैयार, मगर मीना अडिग

रुद्रपुर। तराई की राजनीति इन दिनों गरमाई हुई है। कांग्रेस में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के शामिल होने के बाद से ही पार्टी की महिला नेता मीना शर्मा उनके खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं,अब यह टकराव बयानबाजी के नए स्तर पर पहुंच गया है, जहां मीना शर्मा आक्रोशित तो ठुकराल नरम नजर आ रहे हैं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे विवाद को खत्म करने की बात कहते हुए नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मीना शर्मा ब्राह्मण समाज से हैं और उन्हें देवी समान सम्मान दिया जाना चाहिए। साथ ही ठुकराल ने यहां तक कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे मीना शर्मा से माफी मांगने और उनके पैर छूने तक को तैयार हैं। वहीं दूसरी ओर मीना शर्मा ने ठुकराल के इस रुख पर पलटवार करते हुए कहा कि अगर उन्हें माफी मांगनी थी तो पहले मांगते। उन्होंने आरोप लगाया कि जब विवादित ऑडियो सामने आया था, तब ठुकराल ने इसे एआई और डीपफेक बताकर टालने की कोशिश की। मीना शर्मा ने तीखे अंदाज में कहा कि गर्दन काट कर उस पर पगड़ी रख देना कहां का न्याय है, यानी पहले बयान देकर विवाद खड़ा करना और फिर माफी की बात करना सही नहीं है। राजनीतिक गलियारों में इस बयानबाजी को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। एक ओर ठुकराल मामले को शांत करने की कोशिश में दिख रहे हैं, तो दूसरी ओर मीना शर्मा इस मुद्दे पर पीछे हटने के मूड में नहीं हैं। जानकारों का मानना है कि यह जुबानी जंग आने वाले दिनों में और तेज हो सकती है, जिसका असर स्थानीय सियासत पर भी साफ दिखाई देगा।





# नानकमत्ता में गैस संकट के नाम पर मनमानी और महंगाई की मार

## 10 वाला समोसा 15 का हुआ,चाऊमीन मोमो बर्गर किया महंगा

नानकमत्ता। नगर क्षेत्र में इन दिनों गैस संकट का हवाला देकर होटल और रेस्टोरेंट संचालकों द्वारा खाद्य पदार्थों के दामों में मनमानी बढ़ोतरी किए जाने का मामला सामने आया है। एजेंसी से व्यवसायिक सिलेंडर उचित मूल्य पर मिलने के बाद भी धड़डले से खाने की चीजों के दाम बढ़ाकर मोटी वसूली की जा रही है जिनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जरूरत है। इस बढ़ती महंगाई से आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जबकि प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पहले जहां 10 रुपये में मिलने वाला समोसा अब 15 रुपये में बेचा जा रहा है, वहीं चाऊमीन, मैगी, बर्गर सहित लगभग सभी खाने-पीने की वस्तुओं के दामों में अचानक बढ़ोतरी कर दी गई है। रोजमर्रा के उपभोक्ताओं, खासकर छात्रों और मजदूर वर्ग के लिए यह स्थिति काफी परेशानी का कारण बन गई है। दिलचस्प बात यह है कि होटल और रेस्टोरेंट मालिक इस बढ़ोतरी के पीछे रसोई गैस के दामों में वृद्धि और कथित गैस संकट को जिम्मेदार बता रहे हैं। हालांकि, क्षेत्र के कई उपभोक्ताओं और ग्रामीण इलाकों के लोगों का कहना है कि गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है और कहीं भी वास्तविक संकट जैसी स्थिति नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी खाद्य पदार्थों के दाम अपेक्षाकृत नियंत्रित हैं, जबकि नानकमत्ता के शहरी क्षेत्र में कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। इससे यह सवाल उठने लगा है कि कहीं यह कृत्रिम महंगाई तो नहीं पैदा की जा रही। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार में बढ़ती कीमतों की जांच कराई जाए और आवश्यक वस्तुओं के दामों पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, मनमानी कीमत वसूलने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में महंगाई का यह असर और अधिक गंभीर हो सकता है।

# पेज एक का शेष...

**कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी...** पंतनगर विश्वविद्यालय ने देश की हरित क्रांति में जो ऐतिहासिक और अविस्मरणीय भूमिका निभाई है, उस पर पूरे राष्ट्र को गर्व है। उन्होंने कहा कि आज जब हम विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़ रहे हैं, तब इस संस्थान के युवाओं पर बड़ी जिम्मेदारी है। राज्यपाल ने अपने संबोधन में आधुनिक तकनीक के समावेश पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि आज का युग तकनीक का है और कृषि क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलावों की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों और वैज्ञानिकों का आह्वान किया कि वे कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक नवाचारों को बढ़ावा दें। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हमारे विश्वविद्यालय में होने वाले उच्च स्तरीय शोध का वास्तविक लाभ और परिणाम लैब (प्रयोगशाला) से निकलकर सीधे किसानों के खेतों तक पहुंचना चाहिए। जब तक तकनीक का लाभ आम काश्तकार को नहीं मिलेगा, तब तक शोध की सार्थकता अधूरी है। कृषि की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने जैविक खेती और प्राकृतिक खेती को भविष्य की जरूरत बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्य में जैविक खेती की अपार संभावनाएं हैं, जिस पर युवाओं को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। संबोधन के दौरान उन्होंने विशेष रूप से महिला शिक्षा और छात्राओं की उपलब्धियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पदक प्राप्त करने वाली छात्राओं की बड़ी संख्या यह दर्शाती है कि हमारी बेटियां हर क्षेत्र में नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। राज्यपाल ने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं से अपील की कि वे केवल नौकरी पाने वाले न बनें, बल्कि एग्री-स्टार्टअप्स के माध्यम से रोजगार प्रदाता बनकर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करें। विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें पंतनगर के वैज्ञानिकों व छात्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सांसद अजय भट्ट ने भी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। समारोह के दौरान विशेष पुरस्कारों की श्रृंखला में पूरण आनंद अदलखा अवॉर्ड, सरस्वती पांडा अवॉर्ड, नागम्मा शांताबाई अवॉर्ड, डॉ. राम शिरोमणि तिवारी अवॉर्ड और चौधरी चरण सिंह मेमोरियल इंटेलेक्चुअल अवॉर्ड भी प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह ने प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रबंधन परिषद और विद्वत परिषद के सदस्य, अधिष्ठाता, प्राध्यापक, अभिभावक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**विधानसभा चुनाव में ...**कांग्रेसी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के उपार्जित अवकाश लेने की बात सामने आने के बाद राजनीतिक हलकों में कई तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं। माना गया कि रामनगर के नेता संजय नेगी की ज्वॉइनिंग को लेकर नाराजगी के चलते हरीश रावत ने यह कदम उठाया। इस घटनाक्रम ने कांग्रेस के भीतर असहज स्थिति पैदा कर दी और ऐसा लगा कि पार्टी की रणनीति पर इसका असर पड़ सकता है। हालांकि, बाद में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने हरीश रावत से मुलाकात कर उन्हें मनाने की कोशिश की और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया।अब जब मामला कुछ हद तक शांत हो चला है, तो कांग्रेस एक बार फिर अपनी राजनीतिक रणनीति को आगे बढ़ाने में जुट गई है और पार्टी अब दूसरी खेप के रूप में बारह और नेताओं को शामिल करने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के अनुसार कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा रखने वाले नेताओं की कुल संख्या 18 थी, जिनमें से 6 नेता पहले ही सदस्यता ले चुके हैं। अब शेष 12 नेताओं की सूची तैयार कर हाईकमान को भेजी जा रही है। जैसे ही प्रदेश प्रभारी की सहमति मिल जाएगी, इन 12 नेताओं को भी जल्द ही कांग्रेस में शामिल कराया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को लेकर पार्टी बेहद सतर्कता बरत रही है। ताकि, पिछली बार की तरह कोई विवाद या असहमति सामने न आए। कांग्रेस की इस समूची कवायद के बीच कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का उत्तराखंड दौरा भी बेहद अहम माना जा रहा है। कुमारी शैलजा 8 अप्रैल को पांच दिवसीय दौरे पर राज्य में आने वाली हैं, दौरे के दौरान वे विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस दौरे के दौरान ही इन 12 नेताओं में से कुछ की ज्वॉइनिंग करवाई जा सकती है, जिससे पार्टी को एक बार फिर मजबूती का संदेश देने का मौका मिलेगा। हालांकि सिक्के का दूसरा पहलू यह भी है कि दूसरे दलों से कांग्रेस में आने वाले नेता ज्यादातर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की टिकट मिलने की शर्त पर ही कांग्रेस में आएंगे। ऐसे में कांग्रेस के पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं में गहरी निराशा व्याप्त हो सकती है और इसका खामियाजा अंततः कांग्रेस को ही भोगना पड़ सकता है।

**आतंक का प्रर्याय बनी...** कर दिया और उन्हें घसीटकर गहरे जंगल में ले गया। घटना के बाद चलाए गए सर्च ऑपरेशन में शुक्रवार रात को ही महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त था और बाघ की लगातार मौजूदगी के चलते लोग घरों से बाहर निकलने में भी कतरा रहे थे। ग्रामीणों की सुरक्षा और बढ़ते दबाव को देखते हुए वन विभाग ने प्रभावित इलाके में पिंजरे लगाए थे और गश्त तेज कर दी थी। सोमवार रात जब बाघिन पिंजरे के पास पहुंची, तो वहां तैनात विशेषज्ञों और डॉक्टरों की टीम ने उसे ट्रेंकुलाइज कर बेहोश कर दिया। पकड़ी गई बाघिन की उम्र करीब 4 साल बताई जा रही है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल बाघिन को रानीबाग स्थित रेस्क्यू सेंटर में शिफ्ट कर दिया गया है। विभाग अब बाघिन और मृतक महिला के डीएनए सैंपल जांच के लिए भेज रहा है, ताकि वैज्ञानिक रूप से यह पुष्टि हो सके कि क्या यह वही आदमखोर है जिसने महिला का शिकार किया था। रिपोर्ट आने के बाद ही इस संबंध में स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी।

**दो दुकानों में ...**जुटते, आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी दुकान को अपनी आगोश में ले लिया। आग की लपटें देख बाजार क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर भी आग बुझाने का प्रयास किया और तुरंत पुलिस व अग्निशमन विभाग को सूचित किया। घटना की सूचना पर विकासनगर कोतवाली पुलिस और डाकपत्थर से दो व सेलाकुई से एक फायर टेंडर मौके पर पहुंचा। अग्निशमन दल ने स्थानीय निवासियों के सहयोग से भारी मशक्कत कर आग की लपटों को शांत किया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शिशु पाल राणा ने बताया कि 112 के माध्यम से आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिस पर पुलिस और दमकल की गाड़ियों को तत्काल रवाना किया गया। उन्होंने पुष्टि की कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है, हालांकि दुकान स्वामी का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम अब आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच और नुकसान के सटीक आकलन में जुट गई है। प्रथम दृष्टया आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। दुकान स्वामी नितिन धीमान का कहना है कि दुकान में रखा अधिकांश स्टॉक और फर्नीचर जलकर राख हो गया है। पुलिस प्रशासन ने व्यापारियों से दुकानों में बिजली के उपकरणों और वायरिंग की समय-समय पर जांच कराने की अपील की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, मैंने अपना नाम HARVINDER SINGH पुत्र KARAM SINGH (पुराना नाम) बदलकर HARPINDER SINGH (नया नाम) कर लिया है। अतः अब से भविष्य में मुझे HARPINDER SINGH पुत्र KARAM SINGH (नया नाम) से जाना पहचाना जाए। - हरपिन्दर सिंह पुत्र करम सिंह, ग्राम दलपुरा, पोस्ट गूलरभोज कैनाल कालोनी, जिला उधम सिंह नगर 262401

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संजना गांगुली (Sanjana Ganguly)से बदलकर अब संजना गांगुली (Sanjana Ganguli)कर लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नए नाम संजना गांगुली (Sanjana Ganguli)पत्नी सिद्धार्थ गांगुली के नाम से ही जाना व पहचाना जाए। वर्तमान पता: हाउस नंबर 29, लैम्ब्डा ब्लॉक, मेट्रोपोलिस सिटी के पास, ओमेक्स रिवेरा, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड - 263153।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# कैड़ा ने लिया ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा

## धारी और ओखलकांडा ब्लॉक के गांवों में कैबिनेट मंत्री का भव्य स्वागत, सुनी जनसमस्याएं

धारी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के नवनियुक्त शहरी विकास और जलागम मंत्री राम सिंह कैड़ा ने मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद पहली बार अपने विधानसभा क्षेत्र के धारी और ओखलकांडा ब्लॉक के विभिन्न गांवों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पिछले दो दिनों से हुई भीषण ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। क्षेत्र में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनता ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य और जोरदार स्वागत किया। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने ओलावृष्टि की स्थिति को देखते हुए तत्काल जिलाधिकारी नैनीताल से वार्ता की और उन्हें प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व विभाग एवं कृषि अधिकारियों की टीम



भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि के कारण क्षेत्र के किसानों की आड़ू, सेब, पुलम, नाशपाती और मटर की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो गई हैं, जिससे काश्तकारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गांव-गांव जाकर नुकसान का सटीक आकलन किया जाए और बीमा कंपनियों के माध्यम से पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिलाना सुनिश्चित किया जाए।अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान मंत्री कैड़ा ओखलकांडा ब्लॉक के नाई, भीड़ापानी, नारतोला, हरीनगर, बेडचुला, सुनी, कटना, कोटला, गुरना, डलौज, जान सिमलकन्या, कचलाकोट और सुनकोट आदि गांवों में पहुंचे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए केंद्रीय नेतृत्व और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भीमताल विधानसभा के मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि जनता के विश्वास की बदौलत ही उन्हें प्रदेश मंत्रिमंडल में सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे मोदी और धामी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।मंत्री ने क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे राज्य की प्रगति के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे और विकास कार्यों को गति देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री धामी के कुशल नेतृत्व में भाजपा उत्तराखंड में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर इतिहास रचेगी। इस अवसर पर भारी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, स्थानीय जन प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।




# अवैध अतिक्रमण पर गरजी जेसीबी ,खताड़ी क्षेत्र में पक्के निर्माणों को किया ध्वस्त


## पालिका ईओ और पूर्व दर्जा मंत्री के बीच तीखी झड़प

रामनगर (उद संवाददाता)। नगर पालिका प्रशासन ने सोमवार को अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक बार फिर सख्त रुख अख्तियार करते हुए जेसीबी मशीन के जरिए दर्जनों पक्के अवैध निर्माणों को ढहाने की कार्रवाई की। अभियान के दौरान उस समय स्थिति तनावपूर्ण हो गई जब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पुष्कर दुर्गापाल और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) आलोक उनियाल के बीच जमकर तीखी बहस हुई। इस भारी विरोध और गरमागरम बहस के चलते पालिका की टीम को कुछ खोखों को बिना तोड़े ही मौके से बैरंग वापस लौटना पड़ा।अभियान के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि पालिका की टीम द्वारा आज मोहल्ला





खताड़ी क्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस इलाके में कई लोगों ने नाली के ऊपर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का निर्माण कर लिया था, जिससे जल निकासी की समस्या पैदा हो रही थी। टीम ने कार्रवाई करते हुए नाले के ऊपर किए गए सभी अवैध पक्के निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। इसके साथ ही एक चौराहे पर सड़क की भूमि दबाकर अवैध रूप से लगाए गए लोहे के शटर और टीन शेड को भी जेसीबी की मदद से हटा दिया गया। ईओ ने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन पर इस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद जिलाधिकारी और एसडीएम रामनगर के आदेशों के अनुपालन में यह कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।कार्रवाई के दौरान पालिका की टीम ने कई स्थानों पर अतिक्रमणकारियों का सामान भी जब्त किया है। हालांकि, क्षेत्र में स्थित 4 से 5 खोखों को हटाने के दौरान स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। इस संबंध में ईओ आलोक उनियाल ने बताया कि संबंधित खोखा स्वामियों ने जिलाधिकारी को अपना प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है और फिलहाल उन सभी खोखों की चाबियां पालिका प्रशासन ने अपने कब्जे में ले ली हैं। उन्होंने बताया कि मानवीय आधार पर इन लोगों को अपना सामान समेटने के लिए 3 दिन का समय दिया गया है। यदि 3 दिन के भीतर अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया, तो पालिका प्रशासन पुनः ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाएगा। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए पालिका का यह अभियान भविष्य में भी अनवरत जारी रहेगा।




# तराई मर्चेंट चैम्बर के राजेश पांचवीं बार अध्यक्ष निर्वाचित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तराई मर्चेंट चैम्बर की द्विवार्षिक बैठक सोमवार को आयोजित की गई । जिसमें कार्यकारिणी ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। जिसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित कार्य कारिणी में पांचवी बार राजेश घीक बबलू को सर्व सम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त गौरव सिंघल महामंत्री व विकास गुम्बर कोषाध्यक्ष चुने गये। चुनाव पश्चात सभी ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। अध्यक्ष राजेश घीक बबलू ने कहा कि संगठन द्वारा उन पर जो विश्वास किया है उसके लिए वह सभी के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही आढ़तियों की हर समस्या के समाधान के लिए वह पूर्व की तरह हमेशा तत्पर रहेंगे और सभी को साथ लेकर कार्य करते रहेंगे। बैठक में जय भगवान जैन, सुभाष भुड्डी, अशोक परूथी, संदीप राव, चन्दन अग्रवाल, राजेश जैन, श्याम सुन्दर गर्ग, अजय बंसल, पुष्कर मल, मिक्कू गुगलानी, मिक्की छावड़ा, योगेन्द्र जिंदल, विष्णु जिंदल, सचिन अग्रवाल, गुंजन नारंग, सुधीर गुम्बर, शगुन अरोरा, बन्टू बांगा, अखिलेश, अमन, राजकुमार जैन, विकास जैन, दीपक छावड़ा, दीपक अग्रवाल व मोनू अग्रवाल आदि मौजूद थे।



# लंबे समय से फरार चार वारंटियों को पुलिस टीम ने दबोचा

काशीपुर। अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे महिला समेत चार वारंटियों को पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी संदीप सिंह उर्फ सोनू पुत्र ज्ञान सिंह गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। इसी तरह चेक बाउंस के मामले में मोहल्ला बांसफोड़ान पुरानी आढ़त निवासी जफर अली पुत्र शरीफ अहमद तथा इसी मामले में ढकिया नंबर एक कुंडेश्वरी निवासी दीवान सिंह पुत्र प्रेम सिंह की पुलिस को सरगर्मी से तलाश थी। उधर जगतपुर कुंडेश्वरी निवासी जसविंदर कौर उर्फ बिल्ली पत्नी ज्ञान सिंह गाली गलौज मारपीट के मामले में लंबे समय से फरार चल रही थी। उपरोक्त चारों को पुलिस ने सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

